No. of Printed Pages : 8

**DECE-3**

02603

# DIPLOMA IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION

## Term-End Examination

## June, 2012

## DECE-3 : SERVICES AND PROGRAMMES FOR CHILDREN

*Time : 3 hours* *Maximum Marks :* **100**

***Note :*** *Answer **any five** questions.*

**1.** You have been asked to evaluate a preschool with respect to the educational ideas given by thinkers and philosophers. Name any four thinkers whose ideas you will use to evaluate the preschool. Describe the ideas of each the four thinkers you will use for evaluating the preschool. **4x5=20**

**2.** A mother of a five year old child with moderate mental retardation asks you for advice regarding how she can teach various tasks and activities to her child at home ?

(a) Describe four characteristics of the child which may be making it difficult for her to learn the tasks and activities. **4**

(b) State six principles that you will ask the mother to keep in mind while teaching a task or activity to her child. **6**

(c) What would you suggest to the mother regarding how she may help the child develop skills and abilities in the areas of : **10**

(i) dressing and undressing

(ii) language

3. (a) State five difficulties that a child with cerebral palsy may experience in learning at your preschool centre with respect to each difficulty. State the adjustments and adaptations you will make in your activities at the centre. **5+5=10**

(b) State one indicator / sign each at each of the following ages which will indicate to you that the child may have difficulty in hearing : **5**

(i) At birth

(ii) By one month

(iii) By three months

(iv) By six months

(v) By nine months

(c) List 5 signs that a parent or an ECCE workers should pay attention to for identifying visual impairment in the child. **5**

4. (a) Describe the features of an effective message. Keeping these features in mind formulate any one message you would like to impart regarding early childhood love and education. **2+1**

(b) To whom will you communicate this message ? Why have you choosen this message for this target audience ? 1+2

(c) What strategy and method of communication will you use to convey this message to the target audience ? Explain in detail giving reasons for your choice. 5+5

(d) Identify four barriers in the communication process that can prevent you from effectively communicating your message. 4

5. (a) Describe the various settings within which children with special needs can receive early childhood education in our country. 6

(b) Comment on the quality and coverage of these services. 6

(c) Describe any two emotional states experienced by parents of child with disability. 4 + 4

6. You have read in detail about one government programme in ECCE and one programme run by the voluntary sector in ECCE ?

(a) Name these two programmes. 1+1

(b) State the target group for each programme. 1+1

(c) For each programme state four aspects which you think are the programme's strengths or positive aspects and four aspects which are the programme's limitations or weak aspects. 8+8=16

7. Write short notes on ***any four*** in about ***300*** words : **4x5=20**

(a) Fostering cognitive development of visually impaired child.

(b) Meaning of special education and its features.

(c) Managing a child with temper tantrum.

(d) Characteristics of a good supervisor.

(e) Rationale / Justification for ECCE services in India.

(f) Effects of labelling children with special needs.

# प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा में डिप्लोमा

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2012

## डी.ई.सी.ई.-3 : बच्चों के लिए सेवाएँ एवं कार्यक्रम

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** ***किन्हीं पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. आपको विचारकों और दार्शनिकों द्वारा दिए गए शैक्षिक विचारों के आधार पर शालापूर्व केन्द्र का मूल्यांकन करने के लिए कहा गया है। किन्हीं चार ऐसे विचारकों के नाम बताइए जिनके विचारों का प्रयोग आप शालापूर्व केन्द्र का मूल्यांकन करने के लिए करेंगे। चारों विचारकों के विचारों का वर्णन कीजिए जिनका प्रयोग आप शालापूर्व केन्द्र का मूल्यांकन करने के लिए करेंगे। **4x5=20**

2. सीमित मानसिक मंदता वाले पाँच वर्षीय बच्चे की माँ अपने बच्चे को घर पर ही विभिन्न कार्य और गतिविधियाँ कैसे सिखा सकती है? इस संबंध में आप से सलाह माँगती है।

   (a) बच्चे की वे चार विशेषताएँ बताइए जो बच्चे को घर पर ही कार्य और गतिविधियाँ सीखने में कठिनाई पैदा कर सकती हैं। **4**

(b) वे छह सिद्धांत बताइए जो बच्चे को कार्य और गतिविधियाँ सिखाते समय आप माँ को ध्यान में रखने के लिए कहेंगे। 6

(c) निम्नलिखित क्षेत्रों में बच्चे के कौशल और योग्यताएँ विकसित करने में माँ कैसे मदद कर सकती है, इस संबंध में आप उसे क्या सुझाव देंगे? 10

(i) कपड़े पहनना और उतारना

(ii) भाषा

3. (a) आपके शालापूर्व केन्द्र में प्रमस्तिष्क घात वाले बच्चे को सीखने के अनुभव में जो कठिनाइयाँ हो सकती है उनमें से पाँच बताइए। प्रत्येक कठिनाई के संदर्भ में आप अपनी केन्द्र की गतिविधियों में क्या समायोजन और रूपांतरण करेंगे–बताइए। 5+5=10

(b) निम्नलिखित प्रत्येक उम्र (अवधि) का एक-एक सूचक/लक्षण बताइए जो यह दर्शाता है कि आपके बच्चे को सुनने संबंधी दिक्कत हो सकती है : 5

(i) जन्म के समय

(ii) एक माह

(iii) तीन माह का होने तक

(iv) छह माह तक

(v) नौ माह तक

(c) पाँच अन्य ऐसे संकेतों (लक्षणों) की सूची बनाइए बच्चे में दृष्टि दोष का पता लगाने के लिए जिन पर माता-पिता या ई.सी.सी.ई. कार्यकर्ता को ध्यान देना चाहिए। 5

4. (a) प्रभावी संदेश की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। इन विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए एक ऐसा संदेश तैयार कीजिए जो आप प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के संबंध में आप देना चाहेंगे। 2+1

(b) आप यह संदेश किसे देंगे? आपने इस लक्ष्य-स्रोता के लिए इस संदेश को क्यों चुना? 1+2

(c) लक्ष्य-स्रोता को यह संदेश संप्रेषित करने के लिए आप संचार की कौन सी कार्यनीति और विधि का प्रयोग करेंगे? अपने चयन के कारण देते हुए विस्तार से वर्णन कीजिए। 5+5

(d) संचार प्रक्रिया के चार ऐसी बाधाएँ बताइए जो आपके संदेश को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने से रोक सकते हैं। 4

5. (a) उन विभिन्न परिवेशों का वर्णन कीजिए जिनमें विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चे हमारे देश में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। 6

(b) इन सेवाओं की गुणवत्ता और कवरेज पर टिप्पणी कीजिए। 6

(c) अक्षम बच्चे के माता-पिता जिन भावात्मक स्थितियों से गुज़रते हैं, उनमें से किन्हीं दो का वर्णन कीजिए। 4 + 4

6. आप ई.सी.सी.ई. के अन्तर्गत सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक कार्यक्रम और ई.सी.सी.ई में स्वैच्छिक (स्वयंसेवी) क्षेत्र द्वारा चलाए रहे एक-एक कार्यक्रम के बारे में विस्तार से पढ़ चुके हैं।

(a) इन दोनों कार्यक्रमों का नाम बताइए। **1+1**

(b) प्रत्येक कार्यक्रम का लक्ष्य समूह बताइए। **1+1**

(c) प्रत्येक कार्यक्रम के चार पहलू बताइए जो आपके विचार में कार्यक्रम की शक्तियाँ का सकारात्मक पहलू है और चार वे पहलू बताइए जो कार्यक्रम की सीमाएँ या कमज़ोर पहलू हैं। **8+8=16**

7. निम्नलिखित में ***किन्हीं चार*** पर (लगभग *300* शब्दों में) संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : **4x5=20**

(a) दृष्टि दोष वाले बच्चे के संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देना।

(b) विशेष शिक्षा का अर्थ और इसकी विशेषताएँ।

(c) क्रोधावेश वाले बच्चे से निपटना।

(d) अच्छे पर्यवेक्षक की विशेषताएँ।

(e) भारत में ई.सी.सी.ई. सेवाओं का तर्काधार / औचित्य।

(f) विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चे को लेबलिंग करने के प्रभाव।

---